दिनांकः 06.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अजमेर के पुष्कर में भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी के समर्थन में चुनाव सभा को संबोधित करेंगे। श्री मोदी की लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में यह तीसरी जनसभा है।
दूसरी ओर, कांग्रेस पार्टी भी आज जयपुर में अपने घोषणा पत्र को लेकर जनसभा कर रही है। इस सभा को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी भी संबोधित करेंगी।
इस बीच, निर्वाचन आयोग ने बांसवाडा से भारत आदिवासी पार्टी के उम्मीदवार राजकुमार रोत को आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में नोटिस जारी किया है।

....

प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरुकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में उदयपुर में आज स्वयं सहायता समूह तथा शहरी नरेगा और सफाई कर्मचारियों ने तिरंगे के आकार की मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रतापनगर में महिला आईटीआई संस्थान की छात्राओं ने रंगोली बनाकर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया। जैसलमेर में स्वंय सहायता समूह की महिलाओं ने अधिक से अधिक मतदान की शपथ ली। इस दौरान महिलाओं ने हाथों में मेंहदी लगाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। बालोतरा में स्वीप कार्यक्रम के तहत श्री मल्लीनाथ चैत्र पशु मेले में सौ मीटर कपड़े की फड़ कर प्रदर्शन किया गया। फड़ पर मतदान को लेकर जागरुकता के संदेश लिखे गये।
दौसा में स्वीप टीम घर–घर जाकर महिलाओं को मतदान के लिए जागरुक कर रही हैं।
हनुमानगढ के एक स्कूल में चित्रशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने चित्र बनाकर मतदान का संदेश दिया। धौलपुर के विश्णोदा गांव में वोट बारात निकालकर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। शाहपुरा जिले के फूलिया खुर्द गांव में महिला श्रमिकों ने रैली निकालकर मतदान का संदेश दिया।

....

आम चुनाव में सभी मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी और शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए कल से ''आओ बूथ चलें अभियान'' आयोजित किया जाएगा। सप्ताहभर चलने वाले इस अभियान के तहत मतदान केन्द्रों पर मतदाता पर्ची और मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया जाएगा। मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन एप, केवाईसी और सी–विजिल एप की जानकारी दी जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र में लगे सेल्फी पॉइंट पर लोग सेल्फी लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान की वेबसाइट पर पोस्ट कर सकते हैं। इनमें से बेस्ट सेल्फी को पुरस्कृत किया जाएगा। सुबह 7 बजे से 10 बजे तक हैप्पी आवर्स में मतदान करने वाले मतदाताओं से वृक्षारोपण करवाकर सम्मानित किया जाएगा।

....

निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर प्रसारित हो रहे उस संदेश को गलत बताया है, जिसमें 15 लाख ई.वी.एम. गायब होने का दावा किया गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में आयोग ने कहा कि यह दावा भ्रामक है। लोग विश्वसनीय सूचना के लिए आयोग की आधिकारिक वेबसाइट देख सकते हैं।

....

भारतीय जनता पार्टी आज अपना 45वां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने पार्टी के निर्माण में कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत, संघर्ष और बलिदान के प्रति आभार व्यक्त किया है। वरिष्ठ नेता अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भी इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

स्थापना दिवस पर जयपुर स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने पार्टी की विभिन्न गतिविधियों के संदर्भ में मुख्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे सहित प्रदेश पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

....

करौली के कैलादेवी में आज से चैत्र नवरात्र मेले की शुरूआत हो गयी है। 22 अप्रैल तक चलने वाले इस मेले में पड़ोसी राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किये हैं। उधर, हनुमानगढ़ में मां भद्रकाली का मेला और सीकर में जीण माता का मेला नौ अप्रेल से भरेगा।

....

आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु से होगा। जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम होने वाला ये मैच शाम साढे सात बजे से शुरू होगा। राजस्थान की टीम अपने शुरूआती तीनों मुकाबले जीतकर अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है।

....

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आई है और तेज गर्मी थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त आंकडों के अनुसार जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, कोटा, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में हल्की बारिश दर्ज की गई है।

....